प्रेम दिवस पर पुलिस कर्मियों ने लिया बुजुर्गों का आशीर्वाद

पुष्प भेंट कर दुख-सुख किये साझा, अनुदान न मिलने तक बुजुर्गों का खर्च उठाएगी पुलिस

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। दुनियाभर में वैलेंटाईन डे प्यार को इजकार करने का दिन माना जाता है, जहां प्रेमी युगल एक-दूसरे से अपने प्यार का इजहार करते हुए नजर आते है। इसी दिन को जिला पुलिस ने उस वक्त खास बना दिया, जब पुलिसकर्मी शहर स्थित एक वृद्धा आश्रम पहुंचे और बुजुर्गो को पुष्प भेंट करते हुए उनका आर्शीवाद लिया और उनके दुख-सुख साझा किया। साथ ही वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गो की देखभाल करने का संकल्प भी दौहराया गया।

दरअसल वैलेंटाइन डे (प्रेम दिवस)के अवसर पर पुलिस कप्तान राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम शहर की त्रिलोकपुरी कॉलोनी स्थित अपना घर परिवार वृद्ध आश्रम पहुंची, जहां निवासरत बुजुर्गों से आत्मीय मुलाकात कर उन्हें पुष्प भेंट कर आर्शीवाद लिया। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि शासकीय अनुदान मिलने तक आश्रम में रह रहे सभी बुजुर्गों के भोजन और राशन की जिम्मेदारी पुलिस परिवार द्वारा उठाई जाएगी। बुजुर्गो का सारा खर्च पलिस के सभी अधिकारी कर्मचारी मिलकर उठाएंगे।

देखरेख की ली जिम्मेदारी:

प्रेम दिवस के अवसपर जिला पुलिस के अधिकारियों ने आश्रम की नियमित देखरेख की जिम्मेदारी भी ली है। जिसके चलते पुलिस स्टाफ अलग-अलग समय पर पहुंचकर भोजन और अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेगा। इस दौरान एसडीओपी विवेक शर्मा, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रवि प्रताप चौहान, रक्षित निरीक्षक शिवमंगल सिंह, थाना प्रभारी यातायात स्नेहा ठाकुर, निरीक्षक नरेन्द्र त्रिपाठी, थाना प्रभारी देहात उप निरीक्षक भुवनेश शर्मा, सूबेदार अजीत सिंह, सूबेदार आईना साहिवा, उप निरीक्षक रेनु रावत सहित पुलिस टीम मौजूद रही।

विधायक बृजेंद्र ने फसलों का लिया जायजा

ग्राम अमरौद चुगलियाई में किया निरीक्षण

कृषि वैज्ञानिकों ने जाने रोग व उत्पदान क्षमता

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। शनिवार को मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव द्वारा ग्राम अमरोद चुगलियाई में कृषि विज्ञानिकों के साथ फसलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जहां उन्होंने फसलों की स्थिति का जायजा लिया, तो वहीं कृषि वैज्ञानिको से फसलों में लगने वाले रोग और इन फसलों के उत्पादन के बारे में जानकारी लगी। इस दौरान चना की फसल जिसमें उन्नत किस्म पूसा मानव,, दफ्तरी 21, मटर की दंतेश्वरी वैरायटी एवं अन्य फसलों की फसल स्थिति पर कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर बी एस गुप्ता एवं अर्जुन सिंह यादव, डॉ बैजनाथ सिंह यादव साथ रहे। इस दौरान चना फसल का बेहतर उत्पादन कैसे हो इस पर चर्चा की। फसल की सामान्य रोग बीमारी ,उर्वरक संतुलन एवं पोषक तत्व प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की। फसलों की स्थिति बहुत अच्छी है। अभी पिछले दिनों हुई बारिश से फसलों की स्थिति में और सुधार आया है। इस दौरान आगामी जायद की फसले एवं आगामी खरीफ की फसलों के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली गई।

एक नजर में

भाजपा संगठन के जिला प्रभारी शैलेंद्र जैन ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

अशोकनगर। भाजपा संगठन के जिला प्रभारी,सागर विधायक शैलेंद्र जैन ने शनिवार को स्थानीय सर्किट हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं की परिचय बैठक ली। जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉ हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि बैठक के दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से आवाह्न किया कि वह संगठन में रहकर निष्ठा पूर्वक कार्य करें एवं जिन्हें जो दायित्व मिला है वह उसका पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करें। इसके पूर्व बैठक में स्वागत भाषण भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने दिया तथा कार्यकर्ताओं की ओर से विश्वास दिलाया कि वह संगठन के प्रति पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य कर रहे हैं, और मिले दायित्व का निष्ठा पूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। जिला प्रभारी श्री जैन ने सभी कार्यकर्ताओं का परिचय लिया एवं प्रसन्नता व्यक्ति की। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष रविंद्र लोधी ने किया। इस दौरान चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, मुंगावली विधायक राव बृजेंद्र सिंह यादव, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया,पूर्व विधायक लड्डूराम कोरी, पूर्व जिलाध्यक्ष उमेश रघुवंशी सहित जिला एवं मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता भाजपा के समस्त जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के तहसील अध्यक्षों की घोषणा

पिपरई। अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के तत्वावधान में जिला अशोकनगर की युवा तहसील अध्यक्षों की नई कार्यकारिणी शुक्रवार को घोषित की गई। यह नियुक्तियां राष्ट्रीय संरक्षक राजवीर सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी के निर्देशन एवं प्रदेश अध्यक्ष महेश नरवरिया के मार्गदर्शन में की गईं। जिलाध्यक्ष अखिलेश पटेल एवं युवा जिलाध्यक्ष रविंद्र लोधी सरपंच की अनुशंसा पर विभिन्न तहसीलों के युवा अध्यक्षों के नामों की घोषणा की गई। जिनमें अशोकनगर तहसील से रोहित लोधी, शैलेंद्र सिंह मुंगावली, वृंदावन लोधी चंदेरी, उमेश कुमार ईसागढ़, राजपाल लोधी पिपरई तथा खंड सेहराई से गोलू लोधी को युवा तहसील अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यकारिणी गठन के दौरान समाज के वरिष्ठजनों ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को संगठन की रीति-नीति के अनुरूप समाजहित में कार्य करने की प्रेरणा दी।

26 वर्षीय युवक ने खुद को मारी गोली, हुई मौत

मृतक पूर्व विधायक का भांजा, पुलिस मामले की हर एंगल से कर रहीं जांच

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। देहात थाना क्षेत्र के ग्राम ईंग्लखेड़ी में शुक्रवार शाम को एक 26 वर्षीय युवक ने अपने घर पर खुद को गोली मारकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

जब युवक ने अपने आपको को गोली मारी उस समय पर घर पर अकेला था। घटना की जानकारी परिजनों को उनके कर्मचारी द्वारा की गई। इसके बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद किया और उसके बाद पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। जहां शनिवार की सुबह मृतक युवक के शव पीएम किया गया। बताया जा रहा है कि

मृतक युवक अशोकनगर विधानसभा के भाजपा के पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी का भांजा है।

जानकारी के अनुसार 26 वर्षीय गुरतेज पुत्र बिजेंदर सिंह संधू शुक्रवार को अपने घर पर अकेला था, तो वहीं उसके परिवार के सदस्य एक सगाई समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। इसी बीच उसने अपने भाई की लाइसेंसी बंदूक से खुद को शूट कर लिया। वहीं गोली की आवाज आने के बाद घर में काम करने वाले कर्मचारी गोली चलने वाले कमरे में जाकर देखा तो गुरतेज सिंह खून से लथपथ पड़ा था। इसके बाद उसने पूरी घटना की जानकारी परिजनों को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचित किया और वह खुद भी घर पहुंचे। वहीं जानकारी लगने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए अस्पताल पहुंचाया। इसके साथ ही आसपास की जांच पड़ताल की। शनिवार सुबह पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराते हुए शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। तो वहीं पुलिस द्वारा इस पूरे प्रकरण की अलग-अलग एंगल से जांच कर रही है कि आखिर युवक ने खुद को गोली क्यो मारी।

करीला मेला की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा शनिवार को करीला धाम पहुंचकर आगामी करीला मेला की तैयारियों की समीक्षा की गई। जिसमे मेला के दौरान पेयजल व्यवस्था हेतु पीएचई विभाग, विद्युत व्यवस्था हेतु एमपीईबी, हेलीपैड व्यवस्था हेतु पीडब्ल्यूडी एवं खाद्य विभाग अन्य सभी व्यवस्थाओं हेतु संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सीता रसोई में भोजन व्यवस्था का जायजा लिया तथा भोजन ग्रहण किया। बैठक में अपर कलेक्टर डीएन सिंह, एसडीएम मुंगावली इसरार खान, एसडीओपी मुंगावली, डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड अशोकनगर, सीईओ जनपद अधिकारी उपस्थित रहे।

तेज रफ्तार वाहन ने चार वर्षीय बालिका को रौंदा, मौके पर मौत

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। कचनार थाना अंतर्गत ग्राम कोलुआ के पास एक सड़क हादसे में चार वर्षीय बालिका की मृत्यु हो गई। बालिका अपने पिता और दादी के साथ शादी समारोह में गई थी, जहां से लौटते समय वह पिकअप की चपेट में आ गई। जानकारी के अनुसार परी अहिरवार अपने पिता अभिषेक और दादी के साथ शादी समारोह गई थी। शनिवार लौटते समय पानी पीने के लिए कोलुआ पर रूक जहां तो सड़क पर खड़ी परी एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी।

जिले को लगी नजर हो रहीं चर्चा.....

इन दिनो अशोकनगर जिला अपने ही जिले के लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है, जिसका मुख्य कारण है विगत दिनों जिले में घटित कुछ घटनाए। जिसकी बजह से जिले के ही लोग कहते नजर आते है कि आखिर अशोकनगर जिले को किसकी नजर लग गई है। जिसके कारण शांति प्रिय जिला कहा जाने वाला अशोकनगर देशभर में कर्मो के लिए सुर्खियों में बना हुआ है। सुर्खियों में भी आखिर क्यों न हो जिले ने विगत कुछ दिनों में सिर्फ करोड़ो रूपये की बात हुई है। जिनमें मेहनताने के बदले करोड़ों की मांग, करोड़ो की ड्रग, फिरोती के रूप में करोड़ो की मांग की जाना शामिल है। अब देखना होगा कि इन करोड़ो के मामले में आगे क्या होगा, यह तो आगामी समय ही बतायेगा..

महिलाओं की तू-तू, मै-मै की चर्चा....

जिले का एक विभाग में महिलाओं की तू-तू, मै-मै के कारण चर्चा बना हुआ है। यह चर्चा विभाग में कार्यरत कर्मचारी से लेकर आला अफसरों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। आलम ये है कि विभाग का हर शख्स अपना काम छोड़कर इसी पर चर्चा करता नजर आता है। बताया जाता है कि महिलाओं की यह तू-तू, मै-मै अहम की लड़ाई बन गई। जिसकी बजह से वह एक दूसरे की कुंडली खंगालने में लग गए है। अब आगे देखना होगा कि महिलाओं की यह बहस-बाजीगारी यहीं तक सीमित रहती है, या फिर इसमें और भी कुछ भी होता है, यह तो आने वाला समय ही बतायेगा.....

नगेश्री चौराहा पर
अशोकनगर की चर्चा
नवभारत

अध्यक्ष बनने की चर्चा

जिले में अध्यक्ष बनने की चर्चा जोरो से चल रहीं है। कौन नहीं चाहता कि उसके नाम के आगे अध्यक्ष लग जाए और चार लोग अध्यक्ष कहकर संबोधित करने लगे इसके लिए लोग एड़ी-चोटी का जोर लगाकर अध्यक्ष बनने को आतुर है, भले ही यह अध्यक्ष बनने के बाद किसी के काम में भले ही न आए, लेकिन अपने आपको का अध्यक्ष कहलवाना चाहते है, अध्यक्ष बनने के लिए भले ही समाजवाद फैलाने पड़े या फिर माननीय की मद्द लेना पड़े यह सबकुछ करने के लिए तैयार है, क्योकि अपने नाम के आगे अध्यक्ष जुड़वाना चाहते है। अब देखना होगा कि जो अध्यक्ष बनने के लिए सबकुछ करने का तैयार है वो अध्यक्ष बन पाते है कि नहीं और लोग उन्हें मानते है कि नहीं यह तो आने वाला समय ही बतायेगा.....

रजाई की रूई के साथ पान मसाला की चर्चा....

जिले का एक महकमा इस समय चर्चा का केंद्र बना हुआ है, इस महकमे में जहां सुबह-शाम को ठंड के कारण रजाई की रूई की चर्चा होती है, तो वहीं दोपहर को पान मसाले की चर्चा को लेकर लोग बैठ जाते है। वही चर्चा का केंद्र बिन्दु में महकमे के आला अधिकारी रहते है, वहीं जब चर्चा के वक्त यदि वहीं आला अधिकारी देख जाते है, तो चर्चा करने वालो की सांसे फूल जाती है और वह अपना पान मसाला मुहं में दबा लेते है। बताया जाता है कि इन आला अधिकारी की रजाई की रूई के कारण पद से बेदखली हो गई थी, अब पान मसाला को लेकर क्या होगा, यह तो आने वाला समय ही बतायेगा.....

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी का कांग्रेसियों ने किया स्वागत

राधौगढ़ विधायक जयवर्धन रहे साथ

श्रद्धांजलि एवं आर्शीवाद समारोह में हुए शामिल

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं राघौगढ़ विधायक, पूर्व कैबिनेट मंत्री जयवर्धन सिंह के ईसागढ़ आगमन पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं स्थानीय कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़ों की गूंज और पुष्पवर्षा के साथ नेता द्वय का आत्मीय अभिनंदन किया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह का वातावरण बना रहा।

ईसागढ़ से चंदेरी प्रस्थान के दौरान

रूपनगर बहेरिया सहित विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं जयवर्धन सिंह ने कार्यकर्ताओं से भेंट कर संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों एवं जनसंपर्क अभियान को लेकर चर्चा की तथा सभी से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के क्रम में दोनों नेता वरिष्ठ कार्यकर्ता अशोक अहिरवार के पिता स्वर्गीय आलम चंद्र के निधन पर उनके निवास पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की। इसके पश्चात वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता यशपाल यादव के पुत्र आशू यादव के विवाह उपरांत उनके निवास पर पहुंचकर नवविवाहित दंपति को आशीर्वाद दिया एवं मंगलकामनाएं प्रेषित कीं।

इस अवसर पर अशोकनगर विधायक हरी बाबू राय, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा, ईसागढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अवधेश सिंह लोधी, जाजनखेड़ी एवं नई सराय ब्लॉक अध्यक्ष शिशुपाल सिंह रघुवंशी, संगठन मंत्री मानवेंद्र सिन्हा, नथन महोबिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के उत्साह की सराहना करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और जनहित के मुद्दों को लेकर सक्रिय रहने का संदेश दिया। पूरे आयोजन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जोश और एकजुटता विशेष रूप से देखने को मिली।

शहर में आज निकलेगी बाबा महाकाल की बारात

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। जिले में महाशिवरात्रि का पर्व भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए मंदिरों पर विशेष साज-सज्जा की गई है। तो वहीं श्रद्धालुओं की बड़ती संख्या को देखते मंदिरों में विशेष सुरक्षा इंतजाम किये गये। तो वहीं शहर में बाबा महाकाल की बारात निकाली जाएगी तथा श्री राज राजेश्वर मंदिर में विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। तुलसी कॉलोनी में सुंदरकांड पाठ का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस बार शहर के राज राजेश्वर मंदिर पर विशेष आयोजन हो रहा है। पुजारी केशव शर्मा ने बताया कि भोजपुर की विशाल शिवलिंग की झांकी मंदिर परिसर में तैयार की जा रही है। महाशिवरात्रि के दिन भक्तों को इस विशाल शिवलिंग के दर्शन कराए जाएंगे, जो विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगी। शाम के समय भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें विदिशा जिले से आई भजन मंडली अपने भजनों से भक्तों को मुग्ध करेगी। इसके अलावा श्री राज राजेश्वर मंदिर में भी अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

शहर में निकलेगी बाबा महाकाल की बारात:

महाशिवरात्रि के अवसर पर शहर में बाबा महाकाल की बारात निकाली जाएगी, जो दोपहर 12 बजे से बड़े शंकर जी के मंदिर के आगे से प्रारंभ होगी।

महोत्सव

पंचमुखी हनुमान मंदिर पर चल रहा है शिव विवाह महोत्सव

शिव-विवाह के लिए डाला हरे बांसों का मंडप, आज निकलेगी बारात

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा पुजारी किशन लाल मिश्रा के सानिध्य में शिव नवरात्रि एवं शिव विवाह महोत्सव मनाया जा रहा है। जिसमें शनिवार को हिंदू धर्म लोक रीति रिवाज के अनुसार शिव नवरात्रि के अष्टम दिवस पर सभी भगवान शिव के भक्तों ने नए-नए बासों से मंडप डाला एवं महिलाओं ने मंडप के भजन गाए। इस अवसर पर भगवान भोलेनाथ को श्रद्धालुओं द्वारा ढोल नगाड़ों के साथ मंडप पहनाया। मडैती बनकर राजेंद्र सिंह यादव, वीरेंद पटवा, प्रवीण यादव, बबलू पाल, कान्हा

यादव, महेश यादव, नीरज यादव, अभय राज कुशवाह आदि आए। समस्त शिव भक्तों ने भोले बाबा को मंडप में बैठाकर द्रव्य वस्त्र आदि भेंट किये। गुप्त दान में 4 सोने के दाने भी भेंट स्वरूप में प्राप्त हुए जिस तरह से ब्रह्मा जी, देवताओं ने कैलाश पर्वत पर भगवान का मंडप सजाया था, जिस तरह से ऋषि मुनियों ने भगवान शिव शंकर की प्रशंसा गाई थी,उसी तरह से पुजारी किशन लाल मिश्रा ने शिव सहस्त्रनाम स्तोत्र का पाठ किया एवं मंडप की पूजन महेंद्र मिश्रा ने विधिवत दसोपचार से की। इस अवसर पर ढोल बाजे की धुन पर सभी ने मस्त होकर संगीत मय ओम नम: शिवाय की ध्वनि की और उसी तरह से यहां पर कैलाश पर्वत जैसा माहौल बना रहा। ढोल बाजे की धुन पर सभी मस्ती में झूम कर अपने-अपने पात्रों के सामने महा आरती की आज के पार्थिव शिवलिंगों की पात्रों की संख्या 109 हुई, कुल संख्या 11772 पार्थिव शिव लिंगों की विधिवत पूजन की गई। आज शिव पात्रों का मंडप का खंभ की आकृति बनाकर पूजन किया। धर्म की जय हो अधर्म का नाश हो प्राणियों में सद्भावना हो विश्व का कल्याण हो इसी भावना से हर वर्ष की तरह यह कार्यक्रम किया जा रहा है। दिनांक 15 फरवरी को दोपहर लगभग 2 बजे के करीब महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर बारात निकाली जावेगी। जो डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी के यहां पर भी इसी तरह का कार्यक्रम जो हो रहा वहां पर भगवान भोलेनाथ का शाम 5:30 से 6:00 बजे के करीब गोधूलि लग्न में पाणिग्रहण संस्कार होकर विदाई होगी। जो पुन: पंचमुखी हनुमान मंदिर पर आकर महा आरती होगी।

शांति और भाईचारे की मिशाल कायम रहे : गौतम

शांति समिति की बैठक में बोले तहसीलदार

व्यवस्थाएं दुरुस्त करने दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

पिपरई। आगामी त्यौहार महा शिवरात्रि ,होली ,रंगपंचमी और रमजान को देखते हुए स्थानीय थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें तहसीलदार सहित समिति के सदस्य एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान तहसीलदार अशोक गौतम ने कहा कि जो त्योहार प्रतिवर्ष शांति और भाई चारे के साथ मनाते आ रहे हैं, वही प्रथा बनी रहे। मुझे खुशी है कि यहां सभी धर्मों के लोग आपसी भाई चारे से एक दूसरे

के साथ मिलकर त्यौहार मनाते है, यही भाई चारा और विश्वास बना रहे , जो कि एक मिशाल है वही कायम रहे। इस मौके पर थाना प्रभारी ओमप्रकाश मिश्रा ने बताया कि चंद्र ग्रहण होने की बजह से तीन मार्च को सुबह 5:30 बजे से शुभ महूर्त है जो 8:30 बजे तक है । अच्छी बात है सभी आप लोग कोशिश करना होलिका दहन समय पर हो जाए। और सुरक्षा के लिए पुलिस आपके साथ रहेगी। जहां भी आपको ऐसा लगे कि अनहोनी है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दे। वहीं होलिका दहन करते समय देखना की ऊपर से बिजली के तार न हो, जिससे कोई अप्रिय घटना न हो। वहीं पूर्व सरपंच कृष्ण कुमार राय ने बताया कि कस्वे में तीन प्रमुख स्थान महत्वपूर्ण है जहां होलिका दहन होता है। जिनमें पुराना बाजार, रामलीला मैदान और पुलिस थाना परिसर है।